सीबीएसई/मीडिया व जन-सम्पर्क/वार्षिक शिखर सम्मेलन/काउंसलिंग/2024 दिनांक: 20.11.2024

**परिपत्र**

**सीबीएसई से संबद्ध**
**सभी स्कूलों संस्थानों के/प्रमुख**

**विषय: राष्ट्रीय बाल भवन, नई दिल्ली में जीवन कौशल, मानसिक स्वास्थ्य, सुरक्षा और कल्याण पर राष्ट्रीय किशोर शिखर-सम्मेलन 2024 (20 से 21 दिसंबर 2024)**

प्रिय प्राचार्यगण,

किशोरों को जिम्मेदार और सशक्त व्यक्ति बनाने के लिए उनके समग्र स्वास्थ्य/ कल्याण और जीवन कौशल का विकास करना अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। स्कूलों के पास यह विशिष्ट अवसर होता है कि वे छात्रों को सोच - समझकर निर्णय लेने, समुचित सम्बन्ध विकसित करने और चुनौतियों का सामना करने के लिए आवश्यक साधन और मार्गदर्शन सुलभ कराएँ। जीवन कौशल, मानसिक स्वास्थ्य जागरूकता और एक सुरक्षित अधिगम वातावरण को बढ़ावा देकर , हम छात्रों को आत्मविश्वास युक्त, संवेदनशील और सामाजिक रूप से जागरूक नेतृत्वकर्ताओं के रूप में सशक्त बनाते हैं।

इसी दिशा में कदम बढ़ाते हुए, एतद्द्वारा सूचित है कि सीबीएसई द्वारा सीबीएसई से सम्बद्ध विद्यालयों के लिए **जीवन कौशल, मानसिक स्वास्थ्य, संरक्षा और कल्याण पर राष्ट्रीय किशोर शिखर सम्मेलन 2024** का आयोजन किया जा रहा है। यह शिखर सम्मेलन छात्रों और शिक्षकों को विचारों के आदान-प्रदान, सर्वश्रेष्ठ पद्धतियों से सीखने और स्वास्थ्य, कल्याण, लैंगिक संवेदनशीलता और सामाजिक -सांस्कृतिक सामंजस्य जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर संवाद करने के लिए एक राष्ट्रीय मंच प्रदान करेगा।

**कार्यक्रम का विवरण:**

- **तिथि:** 20-21 दिसंबर 2024 (2-दिवसीय कार्यक्रम)
- **स्थान:** राष्ट्रीय बाल भवन, कोटला मार्ग, आईपी एस्टेट (आईटीओ के पास), दिल्ली- 110092
- **समय:** सुबह 8:00 बजे से शाम 4:00 बजे तक (दोनों दिन)

**लक्ष्य:**

शिखर सम्मेलन के परिणाम राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के संदृश्य से संरेखित हैं| इसका उद्देश्य एक ऐसा समावेशी वातावरण बनाना है जो छात्रों को दैनिक चुनौतियों के लिए जीवनभर के कौशल के साथ तैयार करे। यह निम्नलिखित पर केंद्रित है:

- स्कूलों के बीच सीधा संवाद बढ़ाकर संधारणीय जीवन कौशल और कल्याण कार्यक्रम स्थापित करना।
- किशोरों के जीवन कौशल, मानसिक स्वास्थ्य, संरक्षा और कल्याण में छात्रों के विकास को बढ़ावा देना।
- किशोरों द्वारा अनुभव की जा रही समसामयिक समस्याओं का काउंसलिंग पहल के माध्यम से समाधान।

- स्कूल प्रणाली में काउंसलिंग, सुरक्षा और सामान्य स्वास्थ्य को एकीकृत करना।
- स्कूलों और परिवारों के बीच सहयोग को मजबूत करके सकारात्मक मानसिक स्वास्थ्य को बढ़ावा देना।
- छात्रों की मनो-सामाजिक आवश्यकताओं का समर्थन करना और उन्हें जीवन कौशल और कल्याण के युवा नेतृत्वकर्ताओं और एंबेसडर के रूप में विकसित/पोषित करना।

**कार्यक्रम:**

1. **स्वास्थ्य और कल्याण प्रदर्शनी**
   - राष्ट्रीय विद्यालय स्वास्थ्य और कल्याण प्रदर्शनी जहां छात्र प्रतिनिधि अपने नवोन्मेषी विचार प्रदर्शित करेंगे और स्वास्थ्य और कल्याण के बारे में जीवंत चर्चाओं में भाग लेंगे।
2. **युवा संसद:**
   - राष्ट्रीय किशोर कल्याण संसद।
3. **उत्सव:**

   *क. कलाकृति:* एक विषय-आधारित चित्रकला प्रतियोगिता जहां छात्र अपने अनूठे विचारों और सुन्दर रंगों के माध्यम से अपनी कहानियों को रचनात्मक ढंग से व्यक्त कर सकते हैं।

   *ख. अभिव्यक्ति:* युवा वाद-विवाद प्रतियोगिता जिसमें वाद , अभिव्यक्ति और उत्साह के साथ सहभागिता होगी।

   *ग. तरंग:* भारतीय शास्त्रीय नृत्य के प्रदर्शन के साथ संस्कृति और कला का उत्सव।

   *घ. पाठशाला नुक्कड़ की:* समकालीन विषयों की पड़ताल करते हुए नाटकीय प्रस्तुतियाँ।

4. **मनोवृत्ति:** छात्रों द्वारा तैयार विषय-वस्तु आधारित लघु फिल्मों की स्क्रीनिंग, जो उनके अनूठे दृष्टिकोण और रचनात्मकता को प्रदर्शित करती है।

5. **संवेदना**: प्रेरक सत्र जहां विभिन्न क्षेत्रों के विशेषज्ञ छात्र और शिक्षकों के साथ संवाद करेंगे और अंतर्दृष्टि साझा करते हुए मार्गदर्शन करेंगे।

6. **क्यू-स्मार्ट:** राष्ट्रीय स्वास्थ्य और कल्याण प्रश्नोत्तरी में ज्ञान और बुद्धिमत्ता का परीक्षण, जहां उत्साहजनक प्रतियोगिता के माध्यम से रुचिकर अधिगम होता है!

काउंसलर्स और वेलनेस शिक्षकों के लिए क्षमता निर्माण कार्यशालाएं भी इस शिखर सम्मेलन का हिस्सा होंगी। शिखर सम्मेलन के आगे के मुख्य बिंदु और दिशानिर्देश पंजीकृत प्रतिभागियों के साथ साझा किए जाएंगे।

**प्रत्येक स्कूल के प्रतिभागियों की संख्या**

1. चार छात्रों (कक्षा 9 से 12 के छात्र) को नामांकित किया जा सकता है।
2. एक शिक्षक (स्कूल काउंसलर/वेलनेस शिक्षक/नोडल शिक्षक)

**पंजीकरण प्रक्रिया:**

1. प्रत्येक स्कूल को अधिकतम 5 प्रतिनिधियों (04 छात्र+ 1 शिक्षक) के लिए पंजीकरण करने की सलाह दी जाती है।
2. केवल ऑनलाइन आवेदन ही स्वीकार किए जाएंगे।
3. इस आयोजन में भाग लेने के लिए कोई पंजीकरण शुल्क नहीं है। टीम को अपनी यात्रा, भोजन और ठहरने की व्यवस्था स्वयं करनी होगी।
4. **पंजीकरण की अंतिम तिथि:** 30 नवम्बर 2024 (शनिवार)
5. ऑनलाइन पंजीकरण के लिए लिंक: https://forms.gle/BMBp78MJM4ciTFEWA

**नोट :सीमित सीटें उपलब्ध हैं इसलिए पंजीकरण 'पहले आओ, पहले पाओ' के आधार पर होगा।**

स्कूलों को जीवन कौशल , मानसिक स्वास्थ्य, काउंसलिंग और कल्याण को प्रोत्साहित कारने वाली अ पनी उल्लेखनीय पद्धतियों को 1000 शब्दों के लेख, फोटो और वीडियो क्लिप्स (यदि उपलब्ध हों) के साथ साझा करने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। इसे इस ईमेल पर भेजें: cbse.counseling@gmail.com

किसी भी प्रश्न के लिए cbseadolescentsummit24@gmail.com पर ईमेल करें|

सादर शुभकामनाएँ,

हस्ता/-
**(हिमांशु गुप्ता)**
**सचिव**

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित सम्बंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारितकरने के अनुरोध सहित:**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101
9. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर –791111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
11. निदेशक (स्कूल शिक्षा), लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल-लद्दाख
12. निदेशक (स्कूल शिक्षा), आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएस ईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
14. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, एविंग-, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
15. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नं .202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
16. राज्य परियोजना निदेशक , ओडिशा आदर्श स्कूल संगठन, N-1/9, नयापल्ली, पी ओ सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर, जिला-खोर्दा, ओडिसा 751005
17. अध्यक्ष, सीबीएसई के उस सचिव
18. सभी निदेशक परीक्षा/नियंत्रक/विभागाध्यक्ष, सीबीएसई
19. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक क्षेत्रीय अधिकारी/गण को इस अनुरोध के साथ कि कृपया अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुखों को यह परिपत्र भेजें।
20. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
22. संयुक्त सचिव (आईटी इकाई) - कृपया इस परिपत्र को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करने के लिए

हस्ता/-

**सचिव**